बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / 02–भू0अ0नि0(आरोप)जमुई–13 / 2023 8315 पटना, दिनांक :– 03/10/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक 28 दिनांक 11.01.2023 द्वारा श्री अशोक कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02574), श्री मृणाल कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04360) एवं मो0 अरमान अली कुरैशी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02783) के विरूद्ध निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने के संबंध में प्रतिवेदन दिया गया है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 1693 दिनांक 21.02.2023 द्वारा उपरोक्त संविदा कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है। प्राप्त स्पष्टीकरण पर अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी का मंतव्य प्राप्त किया गया है।

प्राप्त प्रतिवेदन, मंतव्य तथा आरोपित से प्राप्त स्पष्टीकरण एवं संचिका में रक्षित अभिलेखों के समीक्षोपरांत पाया गया कि आरोपितों द्वारा सर्वेक्षण कार्य में निर्धारित समय सीमा के अनुरूप कार्य नहीं किया गया है एवं कार्य में लापरवाही बरती गयी है। इनके द्वारा कार्य में सुधार लाने एवं एक अंतिम मौका दिये जाने के आश्वासन के दृष्टिगत तत्काल इनका संविदा समाप्त न करते हुए कार्य में बरती गयी लापरवाही के लिए 02 माह के मानदेय की कटौती की जाती है।

साथ ही चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में इसकी पुनरावृति होने पर इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

3/10/23

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–भू0अ0नि0(आरोप)जमुई–13 / 2023 8315 पटना, दिनांक :– 03/10/2023

प्रतिलिपि :– श्री अशोक कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02574), श्री मृणाल कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04360) एवं मो0 अरमान अली कुरैशी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02783), बंदोबस्त कार्यालय, जमुई को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–भू0अ0नि0(आरोप)जमुई–13 / 2023 8315 पटना, दिनांक :– 03/10/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–भू0अ0नि0(आरोप)जमुई–13 / 2023 8315 पटना, दिनांक :– 03/10/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
29/9/23